**NEWS CLIPPING: 02-4.10.2017**

**NAVBHARAT TIMES**

## गुड़गांव हाइवे पर 60 एकड़ में बनेगा यूनिवर्सिटी का कैंपस

# YMCA में शुरू होंगे नए कोर्स, बढ़ेंगी सीटें

yogesh.tiwari
@timesgroup.com

■ **फरीदाबाद: वाईएमसीए विज्ञान** व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विस्तार का रास्ता साफ हो गया है। नए कैंपस के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने गुड़गांव हाइवे पर हनुमानजी की मूर्ति के पास 60 एकड़ जमीन का चयन किया है। जिला प्रशासन की मदद से इस जमीन का चुनाव करने के बाद कुलपति ने टेक्निकल एजुकेशन डिपार्टमेंट व राज्य सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है।

राज्य सरकार विश्वविद्यालय के विस्तार की मंजूरी पहले ही दे चुकी है। मौजूदा समय में यह यूनिवर्सिटी आगरा मथुरा हाइवे पर 20 एकड़ में बने कैंपस में चल रही है। कैंपस का विस्तार होने के बाद इंडस्ट्रियल सिटी में टेक्निकल एजुकेशन का माहौल और भी बेहतर होगा।

### शुरू होगी सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई

कैंपस का विस्तार होने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने इंजीनियरिंग में कई और ट्रेड्स की पढ़ाई शुरू करने का प्लान बनाया है। इसमें सिविल व ऐरोनॉटिकल इंजीनियरिंग प्रमुख हैं। अभी सिविल इंजीनियरिंग करने के लिए शहर के छात्रों को प्राइवेट यूनिवर्सिटी का रुख करना पड़ रहा है। वहीं, ऐरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की फीस प्राइवेट यूनिवर्सिटी में महंगी होने के चलते इसकी पढ़ाई मिडिल क्लास की पहुंच से बाहर है। राज्य सरकार की डीम्ड यूनिवर्सिटी होने से छात्रों के लिए यह पहली पसंद बनी हुई है, लेकिन कैंपस छोटा होने से कोर्सों में सीट अभी कम हैं। यूनिवर्सिटी का विस्तार के बाद इन सभी कोर्सों की सीटें बढ़ाने का प्रस्ताव भी विश्वविद्यालय प्रशासन ने बनाया हुआ है।



वाईएमसीए विश्वविद्यालय

> कैंपस का विस्तार करने के लिए फरीदाबाद गुड़गांव हाइवे पर जमीन का चयन करने के बाद तकनीकी शिक्षा विभाग व राज्य सरकार को प्रस्ताव भेज दिया गया है। अब मंजूरी मिलने का इंतजार है। विस्तार होने पर विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग के कई और कोर्स शुरू करने के साथ सीट भी बढ़ाएगा।
>
> **- प्रफेसर दिनेश कुमार**, कुलपति, वाईएमसीए विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

### इन कोर्सों में बढ़ेंगी सीट

कैंपस का विस्तार होने के बाद नए ट्रेड्स की पढ़ाई शुरू होने के साथ ही पहले से चल रहे ट्रेड्स में भी सीट बढ़ेंगी। मौजूदा समय में विश्वविद्यालय में यूजी में कंप्यूटर इंजीनियरिंग, आईटी, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक इंस्ट्रूमेंट एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग, मिकैनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की पढ़ाई हो रही है। पीजी इन ट्रेड के साथ पावर सिस्टम, एमसीए, एमबीए, एमएससी फिजिक्स, मैथ्स, केमेस्ट्री, इन्वाइरनमेंटल साइंस के साथ एमए जर्नलिज्म के कोर्स चल रहे हैं।

**NEWS CLIPPING: 02-4.10.2017**

**DAINIK JAGRAN**

# वाईएमसीए में 9 से शुरू होगा उद्यमशीलता शिविर

## औद्योगिक विशेषज्ञ छात्रों को सिखाएंगे उद्यमिता के गुर

- 9 से 11 अक्तूबर तक चलेगा उद्यमिता शिविर
- अतिथि देंगे विद्यार्थियों को कई व्याख्यान



फरीदाबाद, 3 अक्तूबर (सूरजमल): छात्रों को उद्यमशीलता के विभिन्न पहलुओं को सिखाने के मकसद से तथा इसे एक करियर विकल्प के रूप में प्रोत्साहित करने के मद्देनजर वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में 9 से 11 अक्तूबर तक तीन दिवसीय उद्यमशीला जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यक्रम के मुख्य संयोजक तथा मेकेनिकल विभाग में सह-प्राध्यापक डॉ. वासुदेव मल्होत्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के तीसरे तथा अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र तथा वीजी इंडस्ट्रीज, फरीदाबाद के प्रबंध निदेशक नवीन सूद करेंगे। कुलपति प्रो. दिनेश कमार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने छात्रों के लिए उद्यमशीला जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इससे छात्रों को उद्यम स्थापित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कौशल आधारित ज्ञान अर्जित करने में सहायता मिलेगी। मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. तिलक राज ने बताया कि इसका उद्देश्य छात्रों को तकनीकी क्षेत्र में सफल उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा प्रतीष्ठित उद्यमियों तथा अकादमिक विशेषज्ञों के आठ व्याख्यान रखे गए हैं। इसमें उद्यमशीलता का मौजूदा परिदृश्य, अवसर, उत्पाद व तकनीक चयन की प्रक्रिया, लघु उद्योग, स्टार्ट-अप और सरकार, बैंक तथा अन्य वित्तीय संस्थाओं से वित्तीय सहयोग प्राप्त करने को लेकर व्याख्यान शामिल हैं। इस दौरान प्रतिभागियों को स्थानीय औद्योगिक इकाई का भ्रमण भी करवाया जाएगा।

पंजाब केसरी ई-पेपर Wed, 04 October 2017
epaper.punjabkesari.in//c/22632317

**NEWS CLIPPING: 02-4.10.2017**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में युवा उद्यमी बनने के गुर सीखेंगे

फरीदाबाद | **कार्यालय संवाददाता**

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छात्र औद्योगिक ईकाई स्थापित करने के मूलमंत्र सीखेंगे। दरअसल, युवाओं को उद्योगों में स्टार्टअप के गुर सिखाने और उद्यमशीलता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराने के लिए वाईएमसीए में तीन दिवसीय उद्यमशीलता जागरूकता शिविर का आयोजन होगा।

नौ से 11 अक्तूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार करेंगे।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. तिलक राज ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में सफल उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस दौरान कई उद्यमी और विशेषज्ञ छात्रों को संबोधित करेंगे। छात्रों को उद्यमशीलता का मौजूदा परिदृश्य, उत्पाद व तकनीक चयन की प्रक्रिया, लघु उद्योग, स्टार्ट-अप और सरकार, बैंक तथा अन्य वित्तीय संस्थाओं से वित्तीय सहयोग आदि की जानकारी मिलेगी।

**NEWS CLIPPING: 02-4.10.2017**

**DAINIK JAGRAN**

# उद्यमशीलता जागरुकता शिविर नौ से

**जासं, फरीदाबाद:** वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में नौ से 11 अक्टूबर तक उद्यमशीलता जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर उद्यमशीलता के विभिन्न पहलुओं को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक करने और इसे करियर के विकल्प के रूप में प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ.वासुदेव मल्होत्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के तीसरे तथा अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन वीजी इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक नवीन सूद करेंगे तथा कुलपति प्रो. दिनेश कुमार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिष्ठित उद्यमियों तथा अकादमिक विशेषज्ञों के आठ व्याख्यान रखे गये है, जिसमें उद्यमशीलता का मौजूदा परिदृश्य, अवसर, उत्पाद व तकनीक चयन की प्रक्रिया, लघु उद्योग, स्टार्ट-अप और सरकार, बैंक तथा अन्य वित्तीय संस्थाओं से वित्तीय सहयोग प्राप्त करने को लेकर जागरूक व्याख्यान शामिल हैं।

**AMAR UJALA**

# स्टार्टअप आइडिया का प्रशिक्षण लेंगे विद्यार्थी

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को स्टार्ट अप आइडिया पर कार्य करने, उद्यमशीलता से जुड़ने के लिए बारीकी से बताएगा। इसके लिए 9 से 11 अक्तूबर तक तीन दिवसीय उद्यमशीलता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्षता कुलपति दिनेश कुमार करेंगे। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. तिलक राज ने बताया कि शिविर के माध्यम से युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में सफल उद्यमी किस तरह बना जाए, इसके बारे में बताया जाएगा। इसमें अंतिम वर्ष के विद्यार्थी भाग लेंगे। इस दौरान कई विशेषज्ञ एवं उद्यमी विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। विद्यार्थियों को उद्यमशीलता का मौजूदा परिदृश्य, उत्पाद, तकनीक चयन की प्रक्रिया, लघु उद्योग, स्टार्ट-अप, सरकार, बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं से सहयोग की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 02-4.10.2017**

**DAINIK BHAKSAR**

# वाईएमसीए की टीम आज भुवनेश्वर में योग में करेगी प्रदर्शन




बल्लभगढ़| वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के 11 स्टूडेंट्स बुधवार को भुवनेश्वर स्थित केआईआईटी यूनिवर्सिटी में योग में प्रदर्शन करेंगे। टीम यहां ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योगा टूर्नामेंट में हिस्सा लेने पहुंची है। पत्तियोगिता को लेकर यूनिवर्सिटी प्रशासन की नजर टिकी हुई है। संभावना है टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। टीम में 6 लड़के और 5 लड़कियां शामिल है। कोच डा. राजेश भारद्वाज के अनुसार 14 सितंबर को इंटर कॉलेज योगा टूर्नामेंट के आयोजन के दौरान 36 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया था। इसमें 11 सदस्यीय टीम का चयन किया गया। टीम का फाइनल राउंड बुधवार को केआईआईटी यूनिवर्सिटी सभागार में होगा। टीम को वाईएमसीए के कुलपति डा. दिनेश अग्रवाल, कुलसचिव डा. संजय शर्मा, डीएसडब्लू डा. नरेश चौहान, कॉर्डिनेटर शैलेंद्र गुप्ता और सोनिया बंसल ने शुभकामनाएं दी हैं।

**NEWS CLIPPING: 02-4.10.2017**

**NAVBHARAT TIMES (28.09.2017)**

# काम शुरू हुआ

**स, फरीदाबाद** : वाईएमसीए विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बुधवार से कर्मचारी आवास बनने का काम शुरू हो गया है। कर्मचारी आवास का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश कुमार व कुलसचिव संजय कुमार शर्मा ने भूमि पूजन से किया। प्रॉजेक्ट के बारे में विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियर अजय तनेजा ने बताया कि आवासीय खंड 9 मंजिला बनेगा, इसमें 72 आवास बनाए जाएंगे। आवास बनाने का काम 24 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।